अव्यवस्था | सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो, घाटों पर महिलाओं के लिए बने चेंजिंग रूम टूटे

नर्मदा नदी में मिल रहा काला पानी, जिम्मेदारों का तर्क : बारिश से हुआ

जबलपुर, नवभारत। आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र ग्वारीघाट का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वायरल होते वीडियो में दावा किया जा रहा है कि ग्वारीघाट क्षेत्र से होकर गुजरने वाला गंदा पानी सीधा घाटों के ज़रिए नर्मदा नदी में मिल रहा है। जो न सिर्फ मां नर्मदा नदी की पवित्रता पर सवाल खड़े कर रहा है बल्कि यहां आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की आस्था पर भी चोट पहुंचा रहा है। वही जब वायरल होते इस वीडियो में दिखाए जा रहे गंदे पानी के बारे में निगम के जिम्मेदारों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह कोई दूषित पानी नहीं बल्कि एसटीपी यानि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकला हुआ पानी है जो सीधे मां नर्मदा में मिल रहा है। हालांकि नवभारत किसी भी प्रकार के वायरल होते वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। लेकिन एक सवाल जरूर खड़ा होता है कि, क्या नर्मदा नदी में मिलने वाला पानी वाकई एसटीपी से निकला हुआ पानी है? अगर ऐसा है तो फिर इस पानी का रंग काला क्यों नजर आ रहा है।

बारिश के कारण हुआ काला

नर्मदा नदी में मिलते काले पानी को लेकर जब नगर निगम के अधिकारियों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि विगत दो-तीन दिनों से हो रही बेमौसम बरसात के कारण नर्मदा नदी में मिलने वाला पानी काला हो गया है। अब सवाल यह भी उठता है कि प्लांट से निकलने वाला पानी एकाएक काला कैसे पड़ गया है?

टूटे हुए चेंजिंग रूम

ग्वारीघाट के प्रमुख घाटों में महिलाओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। दिनभर में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही के बावजूद यहां पर्याप्त और सुरक्षित वस्त्र बदलने के कक्ष की व्यवस्था नहीं हो सकी है, जिससे महिलाओं को असुविधा और असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा वर्ष 2022 से लेकर 2025 तक अस्थायी चेंजिंग रूम बनवाने की योजना बनाई थीं। परंतु आलम यह है कि यहां बने कुछ चेंजिंग रूम अब जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। पुराने ढांचे टूटने के बाद नगर निगम द्वारा नए चेंजिंग रूम नहीं लगाए गए हैं।

वही उमाघाट सहित नर्मदा के अन्य प्रमुख घाटों पर बने चेंजिंग रूम या तो बेहद कम हैं, या फिर उनकी हालत बेकार हो चुकी है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मई 2022 में तत्कालीन कलेक्टर इलैयाराजा टी ने नगर निगम अधिकारियों के साथ घाटों का निरीक्षण किया था। उस दौरान प्रत्येक घाट पर कम से कम तीन अतिरिक्त चेंजिंग चैंबर्स बनाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन आज तक उस घोषणा पर कोई अमल नहीं किया गया है।

योजनाएं सिर्फ कागजों तक

चर्चाओं के अनुसार प्रशासन के द्वारा सरयू नदी के तट की तर्ज पर गौरीघाट के पुनर्विकास में आधुनिक सुविधाओं से लैस चेंजिंग रूम शामिल करने की बात भी कही गई थी। हालांकि, इन योजनाओं के बावजूद जमीनी हकीकत में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। हाल फिलहाल तो धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व वाले इस स्थल पर ऐसी स्थिति प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है। निगम द्वारा योजनाएं तो रोज़ बनाई जाती है, लेकिन इसका असर जमीन पर होता नहीं दिखाई देता है।

रोज़ की कहानी

सिर्फ़ त्योहारों पर ही नहीं आम दिनों में भी महिलाओं को चेंजिंग रूम को लेकर दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। लेकिन इन सब से अनजान प्रशासन आज भी अपनी निगाहे फेरे हुए है। वही कई स्थानों पर ये कक्ष गंदगी और अतिक्रमण की चपेट में हैं, जिससे महिलाओं की निजता प्रभावित हो रही है। वही छठ पूजा जैसे बड़े अवसरों पर बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु घाटों पर पहुंचती हैं। चेंजिंग रूम की व्यवस्था न होना नगर निगम की तैयारियों और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति सतर्कता पर सवाल खड़े करता है।

इनका कहना है

मां नर्मदा नदी में मिलने वाला पानी एसटीपी प्लांट से निकल रहा है। यह पानी दूषित पानी नहीं है।

कमलेश श्रीवास्तव
कार्य. यंत्री जल

मजदूर अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं : शक्ति वर्मा

जबलपुर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा ने कहा कि मजदूर किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। चाहे निर्माण कार्य हो, उद्योग हो या सेवा क्षेत्र, हर जगह उनका योगदान अनमोल है। इसके बावजूद आज भी कई श्रमिकों को उचित सुविधाएं और सुरक्षा नहीं मिल पा रही हैं। इसलिए यह दिन श्रमिक अधिकारों के संघर्ष का प्रतीक बन गया है। मजदूरों को न्यूनतम वेतन कानून के तहत हर काम के लिए उचित वेतन मिलना चाहिए। कोई भी नियोक्ता आपको कम वेतन नहीं दे सकता। श्रमिकों को समय पर वेतन और ओवरटाइम भुगतान का अधिकार है।

वे मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार व कृष्णमूर्ति मिश्र, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर छोटी लाइन फाटक चौराहा गोरखपुर में विधिक जागरूकता शिविर में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मजदूर सुरक्षित कार्यस्थल और स्वास्थ्य सुविधाओं के हकदार हैं। यदि फैक्ट्री या निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का उल्लंघन होता है, तो मजदूर शिकायत कर सकते हैं। सरकार ने असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए भी योजनाएं बनाई हैं, जैसे बीमाए पेंशन और स्वास्थ्य सहायता। यदि मजदूर जागरूक बनेंगे तो इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। यदि मजदूरों को कानूनी सहायता की आवश्यकता हो, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर निशुल्क कानूनी सलाह और न्यायालयीन प्रकरणों के लिए निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराता है। निशुल्क टोल-फ्री नंबर 15100 पर भी संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से अनुज शर्मा (हाउस मास्टर) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निलेश, अमर कुमार बर्मन, अजय महोबिया, पंचम अहिरवार, अविनाश चौधरी, आयुष मिश्रा, राजेन्द्र पटेल कृष्ण कुमार तिवारी सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शास्त्री ब्रिज मार्ग पर लगे नए पेवर ब्लॉक

जबलपुर, नवभारत। नगर की सड़को के किनारे बने फुटपाथो को सुंदर व आकर्षक बनाने के लिए नगर निगम इनमें नए पेवर ब्लॉक लगवा रहा है। इस रीडेवलपमेंट कार्य के तहत् फुटपाथों के पुराने पेवर ब्लाक उखाड़ कर नए लगवाए जा रहे है। वहीं कुछ स्थानों पर टाइल्स भी बदली जा रहीं हैं। इसी कड़ी में शहर के प्रमुख शास्त्री ब्रिज की सूरत भी बदली जा रही है। यहां पुरानी टाइल्स उखाड़ कर नई टाइल्स और पेवर ब्लाक लगाएं जा रहे हैं वहीं सुरक्षा के लिहाज से नई जालियां भी दोनों तरफ लगाई गई है। हालांकि नगर निगम के इस कार्य को लोग फिजूलखर्ची भी बता रहे हैं। उनका कहना है शास्त्री ब्रिज के फुटपाथ पर लगी टाइल्स मजबूत है इन्हें निकाले बिना ही सौंदर्याकरण कार्य हो सकता था।

लोगो को मिलेगी सुविधा

सिर्फ शास्त्री ब्रिज ही नहीं शहर के अन्य मार्गों के किनारे भी अगर नए पेवर ब्लॉक लगवा दिए जाए तो यह पैदल चलने वाले लोगों के लिए एक बड़ी सुविधा के रूप में स्थापित हो सकता है। मालूम हो कि शास्त्री ब्रिज शहर का पुराना व व्यस्ततम मार्ग है। ये ब्रिज करीब 62 साल पुराना हो चुका है। ब्रिज पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ गया है लेकिन समय के साथ ही कुछ टाइल्स व प्लास्टर निकल रहा है। शास्त्री ब्रिज में फ्लाईओवर निर्माण को लेकर 2019-20 के बजट में जोड़ा गया था परंतु इस पर आगे काम नही हुआ।

सफर के बीच महिला के जेवर, नगदी पार

जबलपुर। बरेला थाना क्षेत्र में ऑटो में सफर के दौरान एक महिला के बैग में रखे जेवर और नकदी रूपए पार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को श्रीमति उर्मिला पटेल 45 वर्ष निवासी चौथा पुल नेपियर टाउन ओमती ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि गुरूवार शाम 4 बजे वह रसल चौक से अपने मायके देवरी बरेला जाने के लिए एक आटो में बैठी एवं बरेलजा बस स्टैण्ड में आटो से उतरकर कुछ सामान खरीदी फिर एक अन्य आटो में देवरी आने के लिये बैठी एवं अपना बैग आटो में पीछे रख दिया था, आटो में और भी सवारियाँ बैठी थी। आटो से उतरने के बाद अपना बैग घर में रख दी। कुछ देर बाद बैग खोलकर देखी तो बैग के अंदर रखा पर्स जिसमे नगद 15 हजार रूपये एवं एक जोडी सोने के झाले रखे थे गायब था।

गोरखपुर बाजार मेन रोड के ट्रांसफार्मर से खतरा

लगातार तकनीकी खराबी, बार-बार लग रही आग से दहशत

नवभारत, जबलपुर। गोरखपुर बाजार मेन रोड स्थित आई/55 एमपीवी क्षेत्र में लगा बिजली का ट्रांसफार्मर इन दिनों लगातार चर्चा और चिंता का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस ट्रांसफार्मर में आए दिन तकनीकी खराबी और आग लगने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि यह ट्रांसफार्मर काफी पुराना हो चुका है और इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। आए दिन होने वाली खराबी के कारण आसपास के घरों और दुकानों पर भी आग लगने का खतरा मंडराता रहता है। किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से क्षेत्रवासी भयभीत हैं।

बार-बार हो रही घटनाएं, शिकायतें बेअसर

स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर में लगातार गड़बड़ी की समस्या बनी रहती है। कई बार आग लगने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। इसको लेकर विभाग को कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें भी दी गई हैं, लेकिन हर बार केवल अस्थायी मरम्मत कर मामले को टाल दिया जाता है। स्थायी समाधान अब तक नहीं निकाला गया है।

शिफ्टिंग की मांग भी अधूरी

क्षेत्रवासियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर को आबादी वाले स्थान से हटाकर किसी सुरक्षित जगह पर शिफ्ट करने की मांग भी की है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

स्थानीय लोगों में आक्रोश

लगातार हो रही घटनाओं और अनदेखी से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

एक नजर में

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया जागरूकता शिविर

जबलपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं कृष्णमूर्ति मिश्र, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर छोटी लाइन फाटक चौराहा, गोरखपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शक्ति वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूर किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। चाहे निर्माण कार्य हो, उद्योग हो या सेवा क्षेत्र, हर जगह उनका योगदान अनमोल है। इसके बावजूद आज भी कई श्रमिकों को उचित सुविधाएँ और सुरक्षा नहीं मिल पा रही हैं। इसलिए यह दिन श्रमिक अधिकारों के संघर्ष का प्रतीक बन गया है।

इनकी रही उपस्थिति -इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से अनुज शर्मा (हाउस मास्टर), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निलेश लाड, अमर कुमार बर्मन, अजय महोबिया, पंचम अहिरवार, अविनाश चौधरी, आयुष मिश्रा, राजेन्द्र पटेल, कृष्ण कुमार तिवारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

चाकू के साथ चले लट्ठ, तीन घायल

जबलपुर। रांझी एवं ग्वारीघाट थाना क्षेत्र में चाकूबाजी के साथ लट्ठ चले । जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज कर लिया है। रांझी पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को देवांश राय 15 वर्ष निवासी रावण पार्क नरसिंह नगर रांझी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि सुब्बी उर्फमौलिक सैय्यद एवं उसके साथ में जिगर पटेल एवं शौर्य झारिया आये और एक राय होकर बोले कि हम लोगों को शाम को पार्टी करना है कहकर 400 रूपये मांगने लगे उसने रूपये देने से मना किया तो सभी बड़ा पत्थर दुर्गा मंदिर वाली गली में उसके साथ मारपीट की । जिगर पटेल ने लट्ठ से सिर में मारा एवं सुब्बी उर्फमौलिक सैय्यद ने चाकू से वार चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार ग्वारीघाट थाने में सोनू लाल बर्मन 47 वर्ष निवासी देवरी खुर्द राम वार्ड पनागर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि परिवार एवं भतीजे कबीर एवं लडकी नंदनी के साथ जिलहरी घाट कथा कराने आया था। कथा कराकर लौट रहे थे जैसे ही कच्ची सडक पहुंचे चार हरषू सिंह, तनिस्क, सुमित, और सोनू आए और शराब पीने पैसे मांगे मना करने पर मुंह मे लोहे का कड़ा मार दिये। तनिस्क ने भतीजे कबीर को चाकू से मार दिया जिससे उसे चोट आ गई।

फरार आरोपियों पर ईनाम घोषित

जबलपुर। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने ईनाम घोषित कर दिया है। जानकारी के अनुसार गोसलपुर थाने में दर्ज धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के अपराध में फरार मुकेश कुमार वर्मा पिता हरिन्द्र प्रसाद वर्मा 34 वर्ष निवासी वार्ड न. 72 कोदवारी अमखेरा, संतोष कुमार यादव पिता हेतराम यादव 35 वर्ष निवासी बडखेरा कटनी एवं धोखाधड़ी के एक अन्य मामले में फरार बिहारी लाल रैकवार पिता सुखीलाल रैकवार 51 वर्ष निवासी ग्राम पौडीकला गोसलपुर पर तीन-तीन हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया है।

चोरी की रेत से लदा ट्रैक्टर पकड़ाया

जबलपुर । गोसलपुर पुलिस ने रिठौरी कॉलोनी के पास दबिश देकर चोरी की रेत से लदे ट्रैक्टर को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक रिठौरी कालोनी के पास घेराबंदी कर बिना नम्बर के टैक्टर को रोका गया । चालक अमित बर्मन 24 वर्ष निवासी अलगोडा गोसलपुर से पूछताछ की गई जिसने उक्त ट्रैक्टर पवन गुप्ता निवासी अलगोडा का होना बताया टैक्टर ट्राली चोरी की रेत सहित जप्त की गई।

दो घरों में चोरों का धावा, जेवर, नकदी ले गए चोर

जबलपुर। अधारताल एवं रांझी थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने दो घरों में धावा बोलते हुए सोने चांदी के जेवरात, नगदी पार कर दी । पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

अधारताल पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को श्रीमति उषा पटेल 26 वर्ष निवासी रामनगर सुराही बिल्डिंग के पास ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका भाई सुनील पटेल शिवधाम परिसर में रहते है जो सपरिवार घर में ताला लगाकर रीवा गये है। उसके पति भाई के घर गये थे तब भाई के घर ताला लगा हुआ था। शुक्रवार को रामभुवन ने फोन कर सूचना दी कि सुनील के घर के मेन गेट में ताला है लेकिन अंदर दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।

जानकारी मिलने पर भाई के घर पहुंची दरवाजे का ताला टूटा अंदर सामान फैला था भाई से बात कर चैक किया तो घर में रखे सोने के 4 लाकेट, अंगूठी, चेन, चांदी की पायल तथा नगदी 20 हजार रूपये नहीं मिले। अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोडकर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये चुरा ले गया है। इसी प्रकार रांझी थाने में श्रीमति रेनू सोनकर 32 वर्ष निवासी नई बस्ती सुभाष नगर झण्डा चौक रांझी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसने सोने चांदी के जेवरात अपने घर की आलमारी में बंद करके चांदी के जेवरों को साड़ी में लपेटकर रखी थी एवं एक लाल रंग के बटुआ में सोने के जेवर करीबन लॉकर में रखी थी। घर बनाने के लिये सोने के जेवर गिरवी रखना था इसलिये आलमारी खोली तो उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात, गायब थे ।

गांधी भवन में 'वंदे मातरम' का भव्य आयोजन

सेनानी परिवारों ने लिया मासिक कार्यक्रम का संकल्प

नवभारत, जबलपुर। टाउन हॉल स्थित गांधी भवन में 1 मई को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। यह आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष राजेन्द्र 'रज्जू' सराफ के संयोजन में संपन्न हुआ, जिसमें सेनानी परिवारों के वंशज एवं उत्तराधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के

महासचिव मनोज नामदेव, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रीति चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राकेश पटेल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा निर्मल चंद जैन, आशोक यादव, जग्गू विश्वकर्मा, पवन सोनी, गणेश केशरवानी, मदन मोहन राय, विष्णु विनोदिया, अरुण राजनेकर, श्याम सोलंकी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सेनानी परिवारजन ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब प्रत्येक माह की प्रथम तिथि को प्रात: 10 बजे विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर 'वंदे मातरम' का नियमित आयोजन किया जाएगा। साथ ही लंबे समय से बंद पड़ा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कार्यालय, गांधी भवन में पुन: प्रारंभ करने का भी निर्णय लिया गया। अब सभी बैठकें एवं आयोजन इसी कार्यालय में होंगे, जिससे सेनानी परिवार अपनी गौरवशाली विरासत को संरक्षित कर सकें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता और 'अनेकता में एकता' के संदेश के साथ हुआ।

चयन प्रकिया निरस्त तो फिर उसे चुनौती देने का कोई औचित्य नही : हाईकोर्ट

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने कहा कि जब दूषित होने के कारण पूरी चयन प्रक्रिया ही निरस्त हो गई और कोई भी उम्मीदवार प्रभावित नहीं हुआ, तो उसे चुनौती देने का कोई औचित्य नहीं है। इस मत के साथ जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने उम्मीदवारों की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें चयन प्रक्रिया को निरस्त करने को चुनौती दी गई थी। मामला सहायक प्रबंधक से समिति प्रबंधक के पद पर चयन से जुड़ा है। दरअसल, शहडोल जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में उक्त पद पर पदस्थापना के लिए चयन सूची जारी की गई थी। शिकायत पर जांच के बाद बैंक के सीईओं ने उक्त सूची निरस्त कर दी गई थी। शहडोल के अशोक मिश्रा सहित 19 लोगों ने निरस्त करने के आदेश को चुनौती दी। वहीं आपत्तिकर्ता मनीष श्रीवास्तव की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता केसी घिल्डियाल एवं निशांत मिश्रा ने दलील दी कि जांच के बाद प्रक्रिया निरस्त की गई है। इसके अलावा याचिकाकर्ताओं के पास विभाग में अपील करने का प्रावधान भी मौजूद है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता आगामी चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

विवाद | गेहूं बिक्री के दौरान विवाद बढ़ा, वीडियो वायरल

मंडी में किसान के साथ अभद्रता, व्यापारी पर मारपीट का आरोप

नवभारत, जबलपुर। कृषि उपज मंडी में एक किसान के साथ कथित रूप से अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को किसान शिवकुमार झारिया एवं पवन पटैल अपनी गेहूं से भरी ट्राली लेकर मंडी पहुंचे थे, जहां बोली के बाद उनका माल शिव शक्ति मार्केटिंग के एक व्यापारी फर्म द्वारा खरीदा गया। बताया जा रहा है कि नियमानुसार गेहूं की तौल धर्मकांटे से कराई गई, जिसके बाद व्यापारी के निर्देश पर ट्राली का अनाज उसकी फर्म के सामने खाली

कराया गया। इसी दौरान जब किसान ने तौल की पर्ची मांगी, तो विवाद की स्थिति बन गई। किसान का आरोप है कि पर्ची मांगने पर व्यापारी द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि कथित रूप से झूमाझपटी और गाली-गलौच शुरू हो गई।

व्यापारी ने परखी की परखी मारने की कोशिश

आरोप है कि व्यापारी ने परखी (तौल संबंधी वस्तु) उठाकर मारने की कोशिश की, वहीं फर्म का एक सहयोगी डंडा लेकर किसान की ओर दौड़ा। घटना के बाद किसान मानसिक रूप से आहत बताया जा रहा है और फिलहाल मंडी आने की स्थिति में नहीं है। इस घटना ने मंडी परिसर में व्यापारियों और किसानों के बीच व्यवहार को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

भारतीय किसान संगठन करेगा आज प्रर्दशन

घटना के बाद आज शनिवार को 12 बजे भारतीय किसान संगठन द्वारा मंडी में व्यापारी के ख़िलाफ़ उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने बताया कि व्यापारी द्वारा की गई अभद्रता के खिलाफ मंडी गेट बंद करके व्यापारी का लाइसेंस रद्द करने और कार्यवाही करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।